देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 285 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 20 फरवरी 2022

**विचार-प्रवाह...**योगी अधिक 'स्वायत्त'





मौसम | अधिकतम 15.0° | न्यूनतम 6.0° | 39243.39

2 नेपाल-अमेरिका विवाद में कूदा चीन

7 कोहली और पंत नहीं खेलेंगे तीसरा टी20

# 75 और शहरों में लगेंगे बायो सीएनजी प्लांट

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया बायो सीएनजी प्लांट का उद्घाटन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इंदौर में बने एशिया के सबसे बड़े गोबर धन प्लांट का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि यह प्लांट दूसरे शहरों को प्रेरणा देगा। अगले दो साल में 75 बड़े शहरों में इस प्रकार के बायो सीएनजी प्लांट बनाए जाएंगे। यह अभियान भारत के शहरों को स्वच्छ बनाने, प्रदूषण रहित बनाने, क्लीन एनर्जी की दिशा में बहुत मदद करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली ही इस बायो सीएनजी प्लांट के लोकार्पण में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गोबर धन बायो सीएनजी प्लांट से इंदौर को प्रतिदिन 17 से 18 हजार किलो बायो सीएनजी प्लांट मिलेगी तो इससे प्रदूषण कम होगा। इस प्लांट में जो जैविक खाद बनेगी, उससे हमारी धरती

**बच्चों के योगदान को भी किया याद**

मोदी ने कहा कि सफाईकर्मियों के साथ ही बालसेना ने भी शहरों को स्वच्छ बनाने में मदद की है। तीन-तीन चार-चार साल के बच्चे आज अपने दादा को कहते हैं कि कूड़ा यहां नहीं फेंकना है। बालसेना ने जो यह काम किया है, यह हमारे भावी भारत की नींव को मजबूत करने का काम करेगी।

मां को भी नया जीवन मिलेगा। हमारी धरती का कायाकल्प होगा। एक अनुमान है कि इस प्लांट में जो सीएनजी बनेगी, उससे इंदौर शहर में हर रोज करीब-करीब 400 बसें चलाई जा सकेंगी। इस प्लांट से सैकड़ों युवाओं को



### प्रयागराज के कुंभ को मिली नई पहचान

पीएम मोदी ने प्रयागराज के कुंभ मेले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ की दुनिया में नई पहचान बनी है। पहले तो कुंभ की पहचान साधु-महात्माओं के लिए होती थी। पहली बार उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में प्रयागराज के कुंभ की पहचान स्वच्छ कुंभ के तौर पर हुई। दुनियाभर के अखबारों ने इस पर कुछ न कुछ लिखा। जब मैं पवित्र स्नान के लिए गया था, तब स्नान के बाद इन सफाईकर्मियों के लिए इतना अहोभाव था कि इन सफाईकर्मियों के पैर धोए थे। उनका सम्मान किया था।

किसी न किसी रूप से रोजगार भी मिलने वाला है। यह ग्रीन जॉब्स बढ़ाने में भी मददगार होगा। **इंदौर की सफाई देखने आते हैं लोगः** पीएम मोदी ने कहा कि 2014 की तुलना में शहरी कूड़े के निसरण की क्षमता चार गुना तक बढ़ चुकी है। सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने के लिए 1600 से अधिक निकायों में मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी भी तैयार हो रही है। स्वच्छ होते शहर से नई संभावना जन्म लेती है। जब शहर स्वच्छ होंगे, तो दूसरी जगह से लोगों को आने का मन करेगा। कितने ही लोग पर्यटन होता है। पूरी नई तो केवल यह देखने इंदौर आते हैं कि यहां सफाई में क्या काम हुआ है। जहां स्वच्छता होती है, पर्यटन होता है। पूरी नई अर्थव्यवस्था चल पड़ती है। हाल ही में इंदौर ने वाटर प्लस होने की उपलब्धि हासिल की है। **सफाईकर्मियों का आभारः** पीएम मोदी ने इस अवसर पर इंदौर समेत देशभर के सफाईकर्मियों का आभार जताया। इंदौर की जागरुक बहनों ने कूड़े के प्रबंधन को अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है।

कूड़े को छह हिस्सों में अलग-अलग करते हैं। इससे कूड़े की प्रोसेसिंग और रीसाइकलिंग ठीक से हो सकती है। स्वच्छता के साथ-साथ रीसाइकिलिंग के संस्कारों को सशक्त बनाना देश की बड़ी सेवा है।

### मध्यप्रदेश सरकार गोबर खरीदेगी

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा प्रदेश प्रधानमंत्री के वेस्ट-टू-वेल्थ के मंत्र को पूरी तरह से अमल करने का प्रयत्न कर रहा है। इसका उदाहरण इंदौर का गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट है। इंदौर अद्भुत शहर है। यह एकमात्र ऐसा शहर है, जो 6 प्रकार के कचरों को 100 प्रतिशत अलग-अलग करता है। इंदौर में जीरो वेस्ट कॉलोनी, जीरो वेस्ट मार्केट, जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जा रहे हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह से बैन किया गया है। इस बायो सीएनजी प्लांट में 550 मीट्रिक टन प्रतिदिन गीले कचरे का निपटान किया जाएगा। इसके साथ-साथ गोबर का भी उपयोग किया जाएगा। हम आस-पास के क्षेत्रों से गोबर भी खरीदेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कवि पर केंद्र की कृपा, मिली वाई कैटेगिरी की सुरक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कवि कुमार विश्वास को केंद्र सरकार की तरफ से वाई कैटेगिरी की सुरक्षा प्रदान की गई है। कुमार विश्वास के अनुसार केजरीवाल पर लगातार हमलावर रहने के कारण उन्हें फोन और वाट्सएप पर लगातार धमकियां मिल रही थीं। जिसके बाद केंद्र सरकार ने शनिवार को ये फैसला लिया है। आपको बता दें कि कवि कुमार को केंद्र ने सीआरपीएफ कवर के साथ वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी है।

### अफगान सिख हिंदूओं ने पीएम मोदी को सुनाई आपबीती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर अफगानिस्तान के सिख-हिंदू प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। जिसमें प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीएम मोदी को अफगानी अंदाज में साफा पहनाया। हिंदू प्रतिनिधिमंडल ने भारत में शरण देने के लिए पीएम का आभार व्यक्त किया।

## हिजाब को लेकर जारी विवाद नहीं ले रहा थमने का नाम

### 58 छात्राएं निलंबित, 10 के खिलाफ एफआइआर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बेंगलुरु। कर्नाटक में हिजाब को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक शिवमोग्गा जिले के एक कालेज की कम से कम 58 छात्राओं को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। शिरालाकोप्पा के सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कालेज की ये छात्राएं हिजाब पहनकर कक्षाओं में जाने की इजाजत दिए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने तुमकुर जिले में 10 छात्राओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

तुमकुर जिले की पुलिस का कहना है कि ये लड़कियां गर्ल्स एम्प्रेस गवर्नमेंट पीयू कालेज के बाहर हिजाब को लेकर जारी पाबंदियों का विरोध कर रही थीं। छात्राओं पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोपों आदि से जुड़ी धाराएं लगाई गई हैं। शिरालाकोप्पा के सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कालेज के प्राचार्य का कहना है कि प्रबंधन ने हिजाब पहनकर कक्षाओं में जाने की जिद कर रही छात्राओं को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानीं। इन छात्राओं को अस्थायी रूप से कालेज से निलंबित कर दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक बेलगावी, यादगीर, बेल्लारी, चित्रदुर्गम और श्यामोग्गा जिलों में हिजाब पहनकर पहुंची छात्राओं ने क्लासरूम में जाने देने की मांग की। प्रशासन के विरोध करने पर इन जिलों में भी तनाव पैदा हो गया है। तनाव बढ़ता देख बेलगावी में विजय पैरा-मेडिकल कालेज को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। हरिहर में एसजेवीपी कालेज की छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया। इसके अलावा बल्लारी सरलादेवी कालेज में हिजाब पहनकर आई छात्राओं ने हंगामा किया।

कोडागु में हिजाब पहनकर कालेज पहुंची छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

### हिजाब विवाद के पीछे सांप्रदायिक ताकतें

राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र का कहना है कि हिजाब विवाद के पीछे सांप्रदायिक ताकतें हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत के आदेश की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा कि हिजाब विवाद के पीछे एक दुष्प्रचार है जिसके जरिए शिक्षा पर धर्म को थोपने की कोशिशें की जा रही हैं।

## टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया को मिला नया कप्तान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया। शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने टीम की घोषणा की। इस दौरान रोहित शर्मा को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान घोषित किया गया है। वे टेस्ट में भारत के 35 कप्तान होंगे। चेतन शर्मा ने कहा- रोहित की कप्तानी में खेलते हुए केएल राहुल, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह अगले टेस्ट कप्तान के रूप में तैयार होंगे। इन तीनों में से कोई एक भविष्य में भारत का नेतृत्व करेगा।

रोहित का ध्यान टी20 और वनडे वर्ल्ड कप पर ज्यादा है। विराट कोहली और ऋषभ पंत को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 मैच और श्रीलंका के खिलाफ पूरी टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। शार्दुल को श्रीलंका के खिलाफ टी20 और टेस्ट सीरीज के लिए आराम दिया गया है।

### एलान

■रहाणे और पुजारा टेस्ट टीम से बाहर

उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वे दक्षिण अफ्रीका में स्टैंडबाई के तौर पर गए थे।

अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया है। चेतन शर्मा ने टीम घोषणा के समय कहा कि दोनों को सिर्फ श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर किया गया है। वे रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। ये अच्छी बात है कि भारत के दो बड़े खिलाड़ी रणजी में खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को अनफिट होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ टी20 और टेस्ट सीरीज बाहर रखा गया है। राहुल की जगह बुमराह टेस्ट और टी20 सीरीज में टीम इंडिया के उपकप्तान होंगे।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


## आतंकी साजिश को लेकर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

### जम्मू कश्मीर और राजस्थान समेत 8 जगहों पर छापेमारी, 28 गिरफ्तार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। आतंकी साजिश को नाकाम करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने शनिवार को देश के कई हिस्सों में छापेमारी की है। एनआइए ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में जम्मू-कश्मीर आतंकवाद साजिश मामले में आठ स्थानों पर तलाशी ली है। आतंकवाद निरोधी एजेंसी एनआइए ने जम्मू-कश्मीर के सोपोर, कुपवाड़ा, शोपियां, राजौरी, बडगाम, गांदरबल और राजस्थान के जोधपुर जिले सहित जिलों में तलाशी अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान एनआइए ने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, सिम कार्ड और डिजिटल स्टोरेज डिवाइस जब्त की हैं।

एनआइए द्वारा की गई छापेमारी का यह मामला प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम), हिज्ब-उल के कैडरों द्वारा जम्मू-कश्मीर और नई दिल्ली सहित अन्य प्रमुख शहरों में हिंसक आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने की योजना और साजिश से संबंधित है।